QP CODE: 25019908

25019908

Reg No : ....................

Name : ....................

# UNDER GRADUATE (CBCS) ) REGULAR/ IMPROVEMENT/ REAPPEARANCE / MERCY CHANCE EXAMINATIONS, FEBRUARY 2025

## Fourth Semester

## Common Course II - HN4CCT01 - HINDI-DRAMA AND LONG POEM

(Common for all Model I B.A/B.Sc Programmes)

2017 Admission Onwards

FD30B5D9

Time: 3 Hours Max. Marks : 80

*Instructions to Private candidates only: This question paper contains two sections. Answer SECTION I questions in the answer-book provided. SECTION II, Internal examination questions must be answered in the question paper itself. Follow the detailed instructions given under SECTION II*

### Part A

*Answer any **ten** questions.*

*Each question carries **2** marks.*

1. कोणार्क किसकी रचना है? किस प्रकार की रचना है?
2. कोणार्क मंदिर के प्रतिभाशाली युवक शिल्पी कौन है? अन्य दो शिल्पियों के नाम भी लिखिए।
3. सारिका नगर में हाट के दिन क्या-क्या बेचने जाती थी?
4. उत्कल नरेश ने युद्ध में किनको पराजित किया? उन्होंने अपना राज्य-भार किसे सौंप दिया था?
5. धर्मपद की माता का नाम क्या है? माता ने धर्मपद को कौन-सा उपहार दिया था?
6. विशु की परेशानी क्या थी? उनकी परेशानी किसने दूर की?
7. 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' किसकी कविता है? किस संकलन की कविता है?
8. 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' नामक कविता में चित्रित विषय क्या है?
9. उमाशंकर चौधरी की कविताओं के विषय क्या-क्या है?
10. जवाहर टनल में फँसे लोग अपने साथ क्या-क्या बचा लाये थे ?
11. घर निकासी' किसकी रचना है ? लेखिका को इस रचना के लिए क्या-क्या पुरस्कार मिले ?
12. छूट जाता हाथों से पेन,ले लेता उसकी जगह चिमटा'- यह किस रचना का भाग है ? इसके लेखक का नाम लिखिए।

(10×2=20)

**Part B**

*Answer any **six** questions.*

*Each question carries **5** marks.*

13. 'जब मैं इन मूर्तियों में बंधे रसिक जोड़ों को देखता हूँ तो मुझे याद आती है पसीने में नहाते हुए किसान की, कोसों तक धारा के विरुद्ध नौका को खेनेवाले मल्लाह की, दिन-दिन भर कुल्हाड़ी लेकर खटनेवाले लकड़हारे की!......" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

14. 'ऐसे समय में पावस की वातास की भाँति तृषित भूमि में यह युवक आ पहुँचा, इसकी अद्वितीय सूझ मेरे लिए आकाशवाणी बनी, खोए राही का पथ-प्रदर्शन हुआ। और सात दिन में ही इसके अनवरत परिश्रम और प्रतिभा ने कोणार्क के शिखर को पूरा कर दिया।" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

15. 'कैसी अद्‌भुत थी मेरी माँ!... आँधियों के निर्दय झकझोर से भी न झुकनेवाले ताल-वृक्ष की तरह। मुझे गोदी में लिए, बहुत पहले, जब वह नगर में आई थी, तो कौन उसका सहायक था? मजदूरी करके, गरीबी के कष्ट और वैभव के अपमान सहकर उसने मुझे पाला।" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

16. 'चुप रहो! मैं तुम जैसे लोगों को राह पर लाने की युक्ति भलीभांति जानता हूँ। विशु, बरसों से बिन-माँगी प्रशंसा सुनते-सुनते तुम अपने को दण्डविधान से परे समझने लगे हो। आज मैं तुम्हारे इस घमंड को चूर करने ही आया हूँ।....."a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

17. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। "यह कैसा अभिशाप। ओ अभागे कारीगर, कहाँ है तेरा गौरव, कहाँ हैं, तेरी मौन तपस्या का पुरस्कार?"

18. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। और उसके हाथ में मत देना मेरा हाथ /जिसके हाथों ने कभी कोई पेड़ नहीं लगाया / फसलें नहीं उगाई जिन हाथों ने / जिन हाथों ने नहीं दिया कभी किसी का साथ / किसी का बोझ नहीं उठाया

19. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। कहते हैं जब शहंशाह सो थे, तब/ सोने से पहले उनका निर्देश था कि / यदि दुनिया ठीक वैसी ही चलती रहे, जैसा / उन्होंने उसे चलने के लिए छोड़ दिया है / और हवाऐं ठीक वैसे ही पूर्व से पश्चिम की ओर, बहती रहें / तब उन्हें नींद से न जगाया जाय।

20. उस गीले और सघन अंधेरे में मैं हो रहा था तनिक ज़िंदा 'अरे पगले,कौन मरेगा और मारेंगे किसको' कान में कह रही थी ललद्यत मुझसे -सप्रसंग व्याख्या लिखिए।

21. अपनी ज़मीन से संघर्ष और सामूहिक फसल का स्वप्न है 'ढाबा'-समर्थन कीजिए ?

(6×5=30)

**Part C**

*Answer any **two** questions.*

*Each question carries **15** marks.*

22. कोणार्क' की कथावस्तु का साराँश लिखिए।

23. रंगमंचीयता की दृष्टि से कोणार्क नाटक की आलोचना तैयार करे।

24. उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' नामक कविता में युवती को प्रकृति और उसके परिवेश से घुल-मिलकर रहने की इच्छा को किस प्रकार व्यक्त किया गया है?

25. जवाहर टनल कविता में अभिव्यक्त सांस्कृतिक संकट का परिचय दीजिए।

(2×15=30)